भारत-सरकार
पोत परिवहन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 120 जिसका उत्तर
बृहस्पतिवार, 05 दिसम्बर, 2013/14 अग्रहायण, 1935 (शक) को दिया जाना है

राज्य सरकारों के असहयोग के कारण हानि

120 . श्रीमती वसन्ती स्टान्लीः

क्या **पोत परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत दो वर्षों के दौरान सरकार द्वारा कितनी प्रमुख परियोजनाएं रोकी गई हैं;

(ख) किन-किन राज्यों में राज्य सरकारों के असहयोग के कारण परियोजनाएं आगे नहीं जा सकीं;

(ग) राज्य सरकारों के असहयोग के कारण प्रत्येक मामले में सरकार को कितनी हानि हुई है?

उत्तर
पोत परिवहन मंत्री
(श्री जी. के. वासन)

(क) से (ख)ः जी, नहीं। तथापि, कुछ परियोजनाएँ जिसमें सम्पर्क परियोजनाएँ भी शामिल हैं कुछ राज्य सरकारी एजेंसियों द्वारा पर्यावरण क्लीयरेन्स, भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास एवं विस्थापित व्यक्तियों को पुनर्स्थापित करने के लिए अपेक्षित लोक सुनवाई न किए जाने जैसे विभिन्न कारणों से लम्बित हैं।

(ग)ः प्रश्न नहीं उठता।

*****